# कार्यालय प्राचार्य, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर
# जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Grade "B" Accredited by NAAC with 2.12 CGPA
E-mail ID :- govtcollegefingeshwar2013@gmail.com

क्र./160 /स्था./ अतिथि व्या./2024 –2025 फिंगेश्वर दिनांक:18/07/2024

## अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन हेतु विज्ञापन

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र कमांक 574/126/आउशि/राज.स्था./2024 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 29.06.2024 एवं छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र कमांक/एफ3/54/स्था./2020/38/1/ नवा, रायपुर अटल नगर दिनांक 20/06/2024 के आदेशानुसार अतिथि व्याख्याता नीति – 2024 के अंतर्गत फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर, जिला–गरियाबंद (छ.ग.) में रिक्त प्राध्यापक/सहायक प्राध्यापक पद के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार **दिनांक 29/07/2024 शाम 05:00 बजे तक पंजीकृत डाक** से अथवा स्वयं महाविद्यालय के कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन जमा कर सकते है। चयन प्रक्रिया **"अतिथि व्याख्याता नीति–2024"** के परिपालन में किया जायेगा।

**यह व्यवस्था निम्न शर्तो के अधीन होगी –**

1. अतिथि व्याख्याता, अतिथि ग्रंथपाल एवं अतिथि क्रीड़ा अधिकारी को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक/ग्रंथालय सहायक/क्रीड़ा सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, **अन्य पिछड़ा वर्ग (असम्पन्न वर्ग)** एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमाः– अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक/अतिथि ग्रंथपाल/अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि ग्रंथालय सहायक/क्रीड़ा सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक ।
3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विषय/पदों का विवरण

(अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक/अतिथि ग्रंथपाल/अतिथि ग्रंथपाल सहायक/क्रीड़ा अधिकारी/ अतिथि क्रीड़ा अधिकारी)

| रिक्त पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|
| कमांक | विषय | प्राध्यापक | सहायक प्राध्यापक/ग्रंथपाल |
| 1 | भूगोल | 1 | 0 |
| 2 | वाणिज्य | 0 | 1 |
| 3 | गणित | 0 | 1 |
| 4 | ग्रंथपाल | 0 | 1 |

टीपः– संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत् अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

क्रमशः– 2

Scanned with OKEN Scanner

शर्तेः–

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम. फिल/पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. **दिनांक 29/07/2024 के कार्यालयीन समय के पश्चात्** डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में ऑफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रकिया में ऑनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार प्राविधिक मेरिट सूची का प्रकाशन **दिनांक 01/08/2024** को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा। वेबसाईट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि **04/08/2024** तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन **दिनांक 05/08/2024** को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई हैं।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगाः–

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| **(अ) 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये** | | | |
| 1 | 40–50 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 400/– | 300/– |
| 2 | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600/– (41,600/–प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/– (30,000/–प्रतिमाह अधिकतम) |
| **(ब) 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये** | | | |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500/– | 350/– |
| 4 | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000/– (50,000/–प्रतिमाह अधिकतम) | 1400/– (35,000/–प्रतिमाह अधिकतम) |
| **(स) दैनिक मानदेय** | | | |
| 5 | विवरण | अतिथि ग्रंथपाल/क्रीड़ा अधिकारी | अतिथि ग्रंथपाल सहायक/अतिथि क्रीड़ा सहायक |
| | दैनिक मानदेय (प्रति दिवस न्यूनतम 07 घंटा कार्य अवधि) | 1600/– (40,000/–प्रतिमाह अधिकतम | 1200/– (30,000/–प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता **प्राचार्य, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर, जिला–गरियाबंद (छ.ग.) 493992** एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखें।

क्रमशः–3

Scanned with OKEN Scanner

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाये रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यो में ये सहयोग प्रदान करेंगे।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

18/7/24

(श्रीमती श्वेता मिश्रा)
प्र. प्राचार्य
फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर,
जिला – गरियाबंद (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 161 /स्था. /अतिथि व्या. /2024–2025 फिंगेश्वर, दिनांक : 18/07/2024

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, गरियाबंद जिला–गरियाबंद (छ.ग.) को सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, समस्त महाविद्यालय अपने सूचना बोर्ड में चस्पा किये जाने हेतु।
4. संपादक दैनिक समाचार पत्र ..............................................................

18/7/24

(श्रीमती श्वेता मिश्रा)
प्र. प्राचार्य
फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर,
जिला – गरियाबंद (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner